CBSE Class 12 Hindi Core 2004 - Set 2/1/3

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

Questions

1(क). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
जो तुम तोरौ राम मैं नहिं तोरूँ । तुम सों तोरि कवन सों जोरूँ ।।
तीरथ बरत न करूँ अँदेसा । तुम्हरे चरन कमल क भरोसा ।।
जहाँ-जहाँ जाऊँ तुम्हरी पूजा । तुम सा देव और नहिं दूजा ।।
मैं अपनो मन हरि सों जोर्‌यों । हरि सों जोरि सबन से तोर्‌यों ।।

1(ख). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
लेकिन मानव का फूल खिला जबसे पाकर वाणी का वर,
विधि का विधान लुट गया स्वर्ग अपवर्ग हो गए न्योछावर,
कवि मिट जाता लेकिन उसका उच्छ्वास अमर हो जाता है,
मिट्टी गल जाती, पर उसका विश्वास अमर हो जाता है !

1(ग). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
जहाँ तुम्हारे चरण, वहीं पर
पद-रज बनी पड़ी हूँ मैं
मेरा निश्चित मार्ग यही है
ध्रुव-सी अटल अड़ी हूँ मैं ।
भूलो तो सर्वस्व ! भला वे
दर्शन की प्यासी घड़ियाँ
भूलो मधुर मिलन को, भूलो
बातों की उलझी लड़ियाँ ।

2(क). नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं दो का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :
“तुम हो महान
तुम सदा हो महान,”
है नश्वर यह दीनभाव
कायरता कामपरता,
ब्रह्म हो तुम पदरज भर भी है नहीं,
पूरा यह विश्वभार —
जागो फिर एक बार ।

2(ख). नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं दो का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :
कीच, धूल, गंदगी बदन पर
लेकर ओ मेहनतकश !
गाता फिरे विश्व में भारत
तेरा ही नव-श्रम-यश !
तेरी एक मुस्कराहट पर
वीर पीढ़ियाँ फूलें ।
ये अनाज की पूलें
तेरे काँधे झूलें ।

2(ग). नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं दो का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :
ऐसे आओ
जैसे गिरि के शृंग शीश पर
रंग-रूप का क्रीट लगाए
बादल आए
हंस-माल-माला लहराए
और शिला-तन —
कान्ति निकेतन-तन बन जाए ।

3(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए :
“काहे रे बन खोजन जाई” पद में गुरु नानक ईश्वर की अंतर्मुखी खोज पर बल क्यों देना चाहते हैं ?

3(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए :
“आज पहली बार” कविता में हवा और कवि के जीवनानुभव एक होते हुए भी जीवन के प्रति दृष्टिकोणों में क्या भिन्नता है ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

3(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए :
“वीरांगना” कविता में कवि ने नारी के किन-किन रूपों को प्रस्तुत किया है, और उनकी तुलना लोहे से क्यों की है ?

4(क). निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

प्राचीन भारत में चक्रवर्ती सम्राट कहलाने के लिए यहाँ के राजे अक्सर बड़ी-बड़ी लड़ाइयाँ लड़ा करते थे। मगर, इन लड़ाइयों के भीतर सिर्फ़ यही भाव नहीं था कि राजे अपना प्रभुत्व फैलाना चाहते थे। कुछ यह बात भी थी कि इस देश की भौगोलिक परिस्थिति ही सारे देश को एक देखना चाहती थी और भौगोलिक परिस्थिति की इस प्रेरणा से देश के सभी बड़े राजे इस बात के लिए उद्योग खड़ा कर देते थे कि सारा देश उनके अन्दर एक हो जाए ।

4(ख). निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जीवन के समान उसकी मृत्यु भी दैन्य से रहित थी। 'कुत्ते की मौत मरना' कहावत है, परन्तु यदि नीलू के समान शान्त, निर्लिप्त भाव से कोई मृत्यु का सामना कर सके, तो ऐसी मृत्यु मनुष्य को भी काम्य होगी। मेरे पास अनेक जीव-जन्तु हैं, परन्तु जिसके बुरा माने जाने की मुझे चिन्ता हो, ऐसा अब कोई नहीं है।

4(ग). निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

हे कलाकार, तुम तो जानते हो, राजनीति में केवल दो ही वर्ण होते हैं : एक सफ़ेद, एक काला। सफ़ेद अपने काले पर पोतने के लिए, काला औरों के सफ़ेद पर पोतने के लिए। कला-नीति में ऐसा नहीं होता। वहाँ तो वर्ण नहीं, रंग होते हैं; विविध रंग। कला-नीति में तो काला भी उतना ही सुन्दर है जितना कोई और रंग। काला राजनीति में कौआ है तो कला-नीति में कोकिल।

5(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए।

'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने दृढ़ और अड़ियल में क्या अंतर किया है ?

5(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए।

'तत्सत्' शब्द का आशय स्पष्ट करते हुए कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

5(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए।

शताब्दियों से भारतीय संस्कृति की प्रवहमान धारा की क्या विशेषताएँ थीं जिन्हे हमने धीरे-धीरे सूख जाने दिया है ? 'मेरे लिए भारतीय होने का अर्थ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

6. जैनेन्द्र कुमार के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

OR

6. भगवतीशरण सिंह के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

7(क). **'विविधा भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में दीजिए :

'माँ जानती है' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'अरुमुगम' की मृत्यु पर उसकी माँ को यह क्यों नहीं समझ आ पा रहा था कि वह रोए या प्रसन्न हो।

7(ख). **'विविधा भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में दीजिए :

पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर के व्यक्तित्व की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

7(ग). **'विविधा भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में दीजिए :

'प्रेरक प्रसंग' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि फ़ौजी के प्रति टण्डन जी का व्यवहार पाठकों को क्या प्रेरणा देता है।

7(घ). **'विविधा भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में दीजिए :

'सत्यकिरण' एकांकी के खगेश की दृष्टि में प्रसिद्ध साहित्यकार बनने के लिए क्या गुण आवश्यक हैं ?

8(क). प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30-30** शब्दों में दीजिए : "फूलों से नाता बनाए रखो, परंतु मिट्टी से संबंध तोड़कर नहीं ।" उपर्युक्त कथन किसका है और किस संदर्भ में कहा गया है ?

8(ख). प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30-30** शब्दों में दीजिए : रानी सोनरेखा नाले को क्यों पार नहीं कर सकी ? इसका क्या परिणाम हुआ ?

9. गंगाधर राव की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

OR

9. मोतीबाई की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

10(क). किन्हीं दो में सन्धि-विच्छेद कीजिए : मृगेंद्र, देवालय, दुष्कर ।

10(ख). किन्हीं दो में सन्धि कीजिए : यथा + उचित, सत् + जन, अति + आवश्यक ।

10(ग). किन्हीं दो पदों का समास-विग्रह कर समास का नाम भी बताइए : यथासंभव, नीलकमल, देशभक्ति ।

11(क). नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं दो के शुद्ध रूप लिखिए :
(i) तुमको क्या होना ?
(ii) वह कलाकार आदमी है ।
(iii) अतिथियों को सादरपूर्वक बिठाइए।

11(ख). नीचे लिखे वाक्य में यथास्थान सही विराम-चिह्न लगाइए :
वह बोला हे राजा मैं सुव्रत हूँ और वाराणसी से आया हूँ मेरे पिता माता और गुरुजन युद्ध में मारे गए

12. प्रस्तुत अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक क्रियाशीलता आचरण नहीं कहलाती। उठना, बैठना, भोजन करना आदि क्रियाएँ आचरण नहीं है। वास्तव में वह क्रियाशीलता आचरण कहलाती है जिसका सम्बन्ध दूसरे व्यक्ति से होता है। यदि किसी क्रिया से दूसरा व्यक्ति अनुकूल या प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है तो वह क्रिया आचरण बन जाएगी। जैसे किसी व्यक्ति की दुखद अवस्था पर यदि कोई हँसता है तो वह हँसना आचरण बन जाएगा। वैसे सामान्य रूप से हँसना केवल एक क्रिया है। यदि समस्त क्रियाओं को आचरण माना जाए तो पशु और प्रकृति के कार्यों को भी आचरण का विषय मानना होगा और इस प्रकार एक अव्यवस्था हो जाएगी। इसलिए आचरण का सम्बन्ध मूलतः मनुष्य से ही है; क्योंकि वह आत्मचेतन होकर कार्य करता है।

12(क). उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

12(ख). आचरण किस क्रिया को कहते हैं ?

12(ग). समस्त क्रियाओं को आचरण क्यों नहीं कहा जा सकता ?

12(घ). आचरण का सम्बन्ध मनुष्य से ही क्यों है ?

13. समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं और दूरदर्शन में प्रदर्शित अश्लील विज्ञापनों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

OR

13. आपके क्षेत्र में भीषण बाढ़ के कारण मची तबाही और राहत कार्यों की अपर्याप्तता की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अपने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तुरंत क़दम उठाने का अनुरोध कीजिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :
(क) ग्रामीण जीवन
(ख) कामकाजी नारी और उसकी समस्याएँ
(ग) जब आवै संतोष-धन, सब धन धूरि समान
(घ) सबसे न्यारा देश हमारा
(ङ) राजनीति और अपराध-जगत्

- End of Question Paper -